बलरामपुर पुलिस

छह विवादों का कराया गया निस्तारण

बलरामपुर, संवाददाता। मिशन शक्ति अभियान फेज-6.0 के तहत रविवार को महिला थाना स्थित परिवार परामर्श केंद्र में छह पारिवारिक विवादों का सफल निस्तारण कराया गया। पुलिस अधीक्षक मार्तण्ड प्रकाश सिंह के निर्देशन और एएसपी विशाल पाण्डेय के पर्यवेक्षण में आयोजित बैठक में विभिन्न थानों से प्राप्त विवादों की सुनवाई की गई।

परामर्शदाताओं ने दोनों पक्षों को अलग-अलग और संयुक्त रूप से

- विभिन्न थानों से प्राप्त विवादों की गई सुनवाई
- दोनों पक्षों को सुन किया समस्या का समाधान

सुनकर उनकी समस्याओं का समाधान कराया। इस दौरान घरेलू हिंसा अधिनियम, महिला संबंधी कानूनों, भरण-पोषण और बच्चों के भविष्य के प्रति जागरूक किया गया। सभी छह मामलों में दोनों पक्षों ने अपनी गलतियों पर खेद जताते हुए आपसी प्रेम व सौहार्द के साथ जीवन बिताने का संकल्प लिया।

इस दौरान परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी एवं महिला थानाध्यक्ष पूनम यादव, परामर्शदाता अरुण कुमार यादव व देवतादीन दूबे, महिला आरक्षी पूजा, मनीषा वर्मा, गुल अफशां बानो और स्वाती का विशेष योगदान रहा। पुलिस ने पारिवारिक विवाद होने पर परिवार परामर्श केंद्र से संपर्क करने की अपील की है। ताकि समस्या का समाधान किया जा सके।